आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता में भारतीय सेना के संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।
- केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया– बीते साल घरेलु पर्यटकों ने ढाई सौ करोड़ यात्राएं की–वहीं करीब दो करोड़ अंतर्राष्ट्रीय सैलानी भारत पंहुचे।
- नई दिल्ली में आज **से** दो दिन का राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान शुरू होगा।
- एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेन्ट में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता में भारतीय सेना के संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। 17 सितम्बर तक चलने वाला ये सम्मेलन विजय दुर्ग स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी कल शाम कोलकाता पहुँचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। संयुक्त कमांडर सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण, सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं के बीच समन्वय और अन्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री आज वर्चुअल माध्यम से बिहार के पूर्णिया से चालीस हज़ार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री पूर्णिया में नवनिर्मित हवाई अड्डे के टर्मिनल का लोकार्पण भी करेंगे और राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का भी उद्‌घाटन करेंगे।

0000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद नियमावली–2025 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत घरेलू उद्योग को सक्षम बनाने, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए सेनाओं का राजस्व बढ़ाने में तेजी लाई जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि संशोधित दस्तावेज़ युद्ध के आधुनिक दौर में सशस्त्र बलों की बढती आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसके साथ ही तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देगा। इससे जल्द निर्णय लेकर सैन्य तैयारियों के उच्चतम स्तर को बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

0000

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत के घरेलु पर्यटन में बडा उछाल आया है। बीते साल करीब ढाई सौ करोड़ यात्राएं की गई, जो देश की आबादी से डेढ गुना ज्यादा है। श्री शेखावत कल जोधपुर में सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सेलानियों की संख्या भी बीते वर्ष में दो करोड़ के करीब पंहुच चुकी है। श्री शेखावत ने कहा कि सरकार ने अगले पांच सालों में 50 आईकॉनिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने का लक्ष्य तय किया है। ज्ञान भारतम मिशन का जिक्र करते हुए शेखावत ने कहा कि इससे राष्ट्रीय महत्व की सभी पांडूलिपियों का डिजिटलीकरण किया जायेगा। मिशन के तहत अब तक दो लाख पांडूलिपियां डिजिटल फोरमेट में लाई जा चुकी है।

0000

केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत वर्ष 2047 तक तीस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। श्री गोयल ने कल नई दिल्ली में एक निजी मीडिया संगठन के सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से लोगों को काफी लाभ होगा।

0000

सर्वोच्च न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम– 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज अपना निर्णय सुनाएगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 22 मई को इस बारे में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, न्यायालय आज इस मामले में अपना आदेश सुनाएगा।

0000

नई दिल्ली में आज से दो दिन का राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–रबी अभियान 2025 शुरू होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित ये सम्मेलन देशभर के कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, नीति निर्धारकों और राज्य सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से साझा मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में रबी 2025–26 की बुवाई सीजन से संबंधित तैयारियों, उत्पादन लक्ष्यों और ऋण नीतियों पर चर्चा की जायेगी। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन कल सभी राज्यों के कृषि मंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री किसानों तक नई तकनीक पंहुचाने के प्रभावी तरीकों पर चर्चा करेंगे।

0000

प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले शहरी सेवा शिविरों में आमलोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इसी कडी में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग ने बकाया लीज के ब्याज में 100 फीसदी छूट देने की घोषणा की है। इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार फ्री होल्ड पट्टे लेने या लीज मुक्ति प्रमाण पत्र लेने और 31 दिसम्बर तक बकाया लीज राशि जमा करवाने पर 60 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। इसी प्रकार आवासीय भूखण्ड के पुनग्रहण शुल्क में ढाई सौ वर्गमीटर तक 75 प्रतिशत छूट मिलेगी। 500 वर्गमीटर तक 50 प्रतिशत और 1000 वर्गमीटर तक 25 फीसदी रियायत मिलेगी।

0000

करौली जिले के गुढाचन्द्रजी स्थित पाल गांव में एनिकट में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। ये किशोर कल ऐनिकट में नहाने पंहुचे थे। स्थानीय गोताखोरो ने कडी मशकत के बाद दोनो के शव बाहर निकाले।

0000

प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मॉनसून की पश्चिमी राजस्थान से विदाई की संभावना बन रही है। जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में मॉनसून की वापसी को लेकर परिस्थितियां अनुकूल है। हालांकि कल राज्य के दक्षिणी पूर्वी भागो में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बरसात हो सकती है। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में भी 17 सितम्बर को बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़ और चित्तौडगढ सहित 9 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट बताया गया है। इस बीच राजधानी जयपुर में कल शाम बादल छाये रहे और कुछ देर बूंदाबांदी हुई। दिन में उमस से लोग परेशान रहे। अधिकतर स्थनों पर बारिश का दौर थमने और उत्तरी पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढने से तापमान में बढोतरी देखने को मिल रही है। श्रीगंगानगर में कल अधिकतम तापमान 37 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। पिलानी, चूरू और जैसलमेर, में भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

0000

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत की सुपर फ़ोर में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। दुबई में कल टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19 ओवर और तीन गेंद में केवल 126 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने तीन, जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने दो–दो विकेट लिए। जवाब में भारत ने केवल तीन विकेट खोकर पच्चीस गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने 31–31 तथा कप्तान सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रनों की पारी खेली। भारत का अगला मुकाबला कल हांगकांग से होगा।

0000

जोधपुर में डाकिया अब घर आकर उपभोक्ताओं से स्पीड पोस्ट और पार्सल ले जायेगा। भारतीय डाक विभाग ने इसी महीने से ये सुविधा जोधपुर सहित देश के कुछ चुनिंदा शहरों में शुरू की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि 500 रूपये से अधिक कीमत के पार्सल पर 50 रूपये सेवा शुल्क लगेगा। 500 रूपये से अधिक की वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

0000